निजता नीति

M1nd-set SA आपकी निजता की सुरक्षा और सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम आपके व्यक्तिगत विवरण से जुड़े सर्वेक्षण सवालों के जवाब कभी प्रदर्शित नहीं करते हैं. यह नीति निर्धारित करती है कि हम आपसे प्राप्त निजी जानकारी के साथ कैसा व्यवहार करते हैं.

कृपया निम्मनलिखित को ध्यानपूर्वक पढ़ें.

1. जानकारी जो हम आपसे प्राप्त करते हैं

हम आपसे निम्नलिखित डेटा प्राप्त और प्रोसेस कर सकते हैं:

1. जानकारी जो आप अनुसंधान उद्देश्यों के लिए हमारे सर्वेक्षणों को भरते समय हमें प्रदान करते हैं.
2. आपकी व्यक्तिगत जानकारी, यदि आप सर्वेक्षण के अंत में उन्हें छोड़ने के लिए सहमत हैं. कृपया ध्यान दीजिए हम कभी भी आपके सर्वेक्षण की प्रतिक्रियाओं के साथ किसी रिपोर्ट, प्रस्तुतिकरण, डेशबोर्ड या प्रस्तुतिकरण के अन्य प्रारूप में आपकी निजी जानकारी को नहीं जाड़ते हैं जिन्हें हम अपने ग्राहकों को दिखाते हैं या जिसे हम सार्वजनिक करते हैं.
3. हमारी सर्वेक्षण वेबसाइट पर आपकी विजिट के विवरण, जिनमें शामिल हैं परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, ट्रेफिक डेटा, IP एड्रेस, ऑप्रेटिंग सिस्टम और ब्राउजर का प्रकार. यह केवल गुणवत्ता जाँच उद्देश्यों के लिए किया जाता है (अर्थात यह सुनिश्चित करने के लिए कि सर्वेक्षण अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा पूरे नहीं किए गए हैं, क्योंकि इससे अनुसंधान परिणाम में पूर्वाग्रह हो सकत हैं). ऑप्रेटिंग सिस्टम और ब्राउजर टाइप जानकारी हमें सर्वेक्षण को उपयोगकर्ता के अधिक अनुकूल (जैसे मोबाइल फोन फार्मेट अनुकूलन) तरीके से प्रदर्शित करने में मदद करती है.
4. उपरोक्त सूचीबद्ध उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक कोई आवश्यक जानकारी

2. हम आपकी जानकारी को कहाँ स्टोर करते हैं

1. डेटा जो हम आपसे प्राप्त करते हैं यूरोपियन यूनियन एरिया (EEA) से बाहर किसी गंतव्य पर स्थानांतरित और स्टोर किया जा सकता है. इसे EEA से बाहर कार्यरत स्टाफ द्वारा प्रोसेस किया जा सकता है जो हमारे लिए या हमारे किसी आपूर्तिकर्ता के लिए कार्य करते हों. अपना निजी डेटा प्रस्तुत करने के द्वारा आप इस स्थानांतरण, स्टोर या प्रोसेस करने के लिए सहमत हैं. हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी तर्कसंगत कदम उठाएंगे कि आपके डेटा के साथ सुरक्षित और इस निजता नीति के अनुसार व्यवहार किया जाए।

2. हमारी वेबसाइट समय-समय पर किसी तृतीय पक्ष प्रदाता द्वारा होस्ट की जा सकती है जो EEA से बाहर स्थित हो और जो हमारी और से व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस कर सकती है.
3. हमारे वर्तमान प्रदाता इस नीति और सभी GDPR नियमों का पूरा सम्मान करते हैं. हमने इसे लागू करने के लिए एक अनुबंध किया है. हमारे प्रदाताओं की एक सूची हमें संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है (नीचे संपर्क विवरण देखें).

3. Security सुरक्षा

1. दुर्भाग्यवश, इंटरनेट के माध्यम से जानकारी को संचारित करना पूरी तरह सुरक्षित नहीं है. यद्यपि, हम आपके निजी डेटा की सुरक्षा करने के लिए बेहतर कार्य करेंगे, परंतु हम आपके संचारित किए गए डेटा की सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते; कोई भी संचरण आपके जोखिम पर है. हमें एक बार आपकी सूचना प्राप्त होने पर हम अनाधिकृत पहुँच की रोकथाम करने के लिए कड़ी प्रक्रियाएं और सुरक्षा विशेषताएं इस्तेमाल करते हैं.

4. हम आपकी जानकारी कैसे उपयोग करते हैं

1. हम आपके सर्वेक्षण उत्तरों से आपकी निजी जानकारी (नाम और संपर्क विवरण) को हमेशा दो अलग-अलग डेटाबेस में अलग करते हैं. दोनो डेटा बेस एक विशिष्ट ID नंबर से लिंक होते हैं जिन्हें केवल हम (m1nd-set) और हमारे डेटा-प्रोसेसिंग सहयोगी पहुँच कर सकते हैं. यह ID नंबर आपके निजी डेटा से लिंक किया गया किसी भी प्रकार का सर्वेक्षण डेटा आपूर्तिकर्ताओं के अलावा <u>कभी भी नहीं दिया जाता है</u> जो अनुसंधन कार्य में हमारी मदद करते हैं और जिनके साथ हमने डेटा निजता अनुबंध किए हैं जो इस नीति का सम्मान करने की गारंटी देते हैं.
2. आपकी व्यक्तिगत जानकारी इस्तेमाल की जाती है
   a) अन्य रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए पुन: संपर्क करने के लिए (केवल तभी यदि आप पुन: संपर्क किए जाने के लिए सहमत हैं), इसमें आपके द्वारा इस्तोल नहीं किए जाने वाले उत्पादों या सेवाओं के बारे में आपको दोबारा परेशान नहीं करने और आपके द्वारा उत्तर दिए गए प्रश्न दोबारा नहीं पूछने के उद्देष्य से आपके द्वारा पूरे किए गए पिछले सर्वेक्षण देखना शामिल है.

   b) गुणवत्ता जाँच उद्देश्यों के लिए आपसे संपर्क करना (हम रिसर्च प्रतिभागियों से उनकी भागीदारी और/या आपके कुछ जवाबों की दोबारा पुष्टि करने के लिए यादृच्छिक ढंग से संपर्क करते हैं)
   c) हमारे नियमों और शर्तों के बारे में आपको सूचित करने के लिए
3. आपके सर्वेक्षणों का उत्तर (आपके निजी डेटा से लिंक और अन्य प्रतिक्रियाओं के साथ संयोजित नहीं किया जाता है)
   1) रिसर्च परिणामों को हमारे ग्राहकों को चार्ट, डेटा-टेबल, रिपोर्ट, डेशबोर्ड, प्रस्तुतिकरण, वीडियो आदि के रूप में सौंपना
   2) उद्योग को कांफ्रेंस, प्रैस विज्ञप्ति, सोशल मीडिया में सूचना देने के लिए
   3) हमारे न्यूजलैटर में

5. आपकी जानकारी साझा करना

1. हम आपकी निजी जानकारी साझा कर सकते हैं:
   1. यदि m1nd-set SA (या इसकी सभी परिसंपत्तियों का स्थायित्व) का एक तृतीय पक्ष द्वारा अधिग्रहण किया जाता है, ऐसी स्थिति में कंपनी द्वारा इसके ग्राहकों के बारे में रखा गया निजी डेटा स्थानांतरित परिसंपत्तियों में होगा;
   2. यदि किसी कानूनी बाध्यता का अनुपालन करने के उद्देश्य से हम आपके निजी डेटा को प्रकट या साझा करने के अंतर्गत आते हैं
2. खासतौर पर, हम आपका विवरण सांख्यिकीय विश्लेषण करने, सर्वेक्षण प्रोग्राम बनाने, सर्वेक्षण में निमंत्रण भेजने के उद्देश्य से डेटा-प्रोसेसिंग प्रदाताओं को अनुबंधों और ऑडिट के माध्यम से सौंप सकते हैं, जो हमारे प्रदाता इस निजता नीति का पूरी तरह सम्मान करते हैं.

6. आपकी जानकारी तक पहुँच करना

1. आपके संबंध में रखी गई जानकारी तक पहुँच करने का आपके पास अधिकार है. आप एक "सब्जेक्ट एक्सेस अनुरोध" करके ज्ञात कर सकते हैं कि क्या हमारे पास आपके बारे में कोई निजी जानकारी धारण की गई है. यदि हम आपके बारे में कोई जानकारी धारण करते हैं तो हम:

1. आपको इसका एक विवरण देंगे
2. आपको बताएंगे कि हम इसे क्यों धारण करते हैं
3. आपको बताएंगे कि इसे किसको प्रकट किया जा सकता है
4. आपको एक प्रति प्रदान करेंगे

2. कोई भी पहुँच का अनुरोध लिखित में निम्नलिखित पते पर करना चाहिए और आपके बारे में हमारे द्वारा धारण की गई जानकारी उपलब्ध करवाने में हमारी लागत (€10 से अधिक नहीं) के रूप में शुल्क के शर्ताधीन हो सकता है
3. यदि आपका विश्वास है कि आपके बारे में हमारे द्वारा धारण की गई जाततनकारी गलत या अधूरी है तो कृपया हमें नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें. हम तुरंत गलत पाई गई जानकारी को ठीक करेंगे.

7. हमारी निजता नीति में परिवर्तन

हम अपनी निजता नीति को नियमित रूप से समीक्षा के अंतर्गत रखते हैं. भविष्य में हमारी निजता नीति में कोई भी परिवर्तन इस पेज पर पोस्ट किया जाएगा, और जहाँ उचित होगा आपको ईमेल द्वारा सूचित किया जाएगा. यह निजता नीति अंतिम बार 14 मई 2018 को अद्यतन की गई.

8. हमसे कैसे संपर्क करें

1. इस निजता नीति के संबंध में प्रश्नों, टिप्पणियों और अनुरोधों का स्वागत है और इसे पते पर भेजने चाहिएं :
   M1nd-set SA
   David Perroud
   Owner, CEO
   Rue du Lac 47
   1800 Vevey – Switzerland
   dperroud@m1nd-set.com